दैनिक
# न्याय साक्षी
अधिकार से न्याय तक

SJU Govt. Registered Social Justice Union

**बधाई एवं अवकाश सूचना**
सभी पाठकों को विजय दशमी की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं... विजय दशमी के अवसर पर न्याय साक्षी कार्यालय में 12 अक्टूबर को अवकाश रहेगा। अगला अंक 14 अक्टूबर को प्रकाशित होगा।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 | Postal Registration No-055/Raigarh DN CG | रायगढ़, शनिवार 12 अक्टूबर 2024 | पृष्ठ-4, मूल्य 3 रुपए | वर्ष-07, अंक- 17

## मालगाड़ी से टकराई मैसूर-दरभंगा एक्सप्रेस, हादसे के बाद बोगियों में लगी आग, 19 लोग घायल

**चेन्नई**



मैसूर से बिहार के दरभंगा जा रही बागमती एक्सप्रेस चेन्नई के पास एक मालगाड़ी से टकरा गई जिसके बाद ट्रेन में आग लग गई. यह घटना कावराईपेट्टई रेलवे स्टेशन के पास हुई है. इस हादसे में 19 लोग घायल हैं जिनको हॉस्पिटल पहुंचाया गया है.

जानकारी के मुताबिक, शुक्रवार रात 8:50 बजे तमिलनाडु के तिरुवल्लूर में ट्रेन नंबर 12578 मैसूर-दरभंगा एक्सप्रेस के एक मालगाड़ी से टकराने के बाद दो डिब्बों में आग और धुएं की सूचना मिली. इसके बाद ट्रेन के छह डिब्बे पटरी से उतर गए.

स्थानीय प्रशासन ने कहा है कि रेस्क्यू टीम मौके पर पहुंच गई है और लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला जा रहा है. बताया जा रहा है कि ट्रेन खड़ी मालगाड़ी से टकराई है.

रिपोर्ट के मुताबिक हादसे से पहले यात्रियों को ट्रेन गंभीर झटका महसूस हुआ और उसके ट्रेन लूप लाइन में खड़ी मालगाड़ी से टकरा गई. हादसे में ट्रेन के 6 कोच पटरी से उतर गए. हालांकि, इस दुर्घटना में कोई जान-माल का नुकसान नहीं हुआ, लेकिन कुछ यात्रियों के घायल होने की खबर सामने आ रही है.

घायलों को तुरंत इलाज की व्यवस्था की गई है. मेडिकल रिलीफ वैन और रेस्क्यू टीम को चेन्नई सेंट्रल से रवाना कर दिया गया है और राहत-बचाव कार्य चल रहा है. दक्षिण रेलवे के जीएम (चेन्नई डिवीजन के डीआरएम) और अन्य वरिष्ठ अधिकारी घटना स्थल की ओर रवाना हो चुके हैं.

**कवरापेटई के पास हुआ हादसा-** दरअसल, ये हादसा चेन्नई-गुड्डूर खंड पर कवरापेटई रेलवे स्टेशन के पास हुआ। हादसे के समय शाम को 08 बजकर 30 मिनट बज रहा था। एक्सप्रेस ट्रेन ने पहले से ट्रैक पर खड़ी मालगाड़ी में टक्कर मारी। जिस एक्सप्रेस ट्रेन ने टक्कर मारी वह 12578 मैसूरु-दरभंगा बागमती एक्सप्रेस बताई जा रही है। ट्रेन 8 बजकर 27 मिनट पर पोन्नेरी स्टेशन से गुजरी और उसे मुख्य लाइन के माध्यम से अगले स्टेशन कवरापेटई से चलने के लिए हरी झंडी दे दी गई। इसी बीच ये हादसा हुआ है। हादसे के समय ट्रेन की स्पीड 75 किलोमीटर प्रति घंटे थी।

**हेल्पलाइन नंबर जारी-** अभी तक मिली जानकारी के अनुसार कुल 12-13 डिब्बे पटरी से उतरे हैं। लोगों को ट्रेन से बाहर निकाल लिया गया है। कुछ लोग घायल हुए हैं, जिन्हें नजदीकी अस्पतालों में ले जाया गया। ट्रेन हादसे के बाद चेन्नई डिवीजन की ओर से हेल्पलाइन नंबर जारी किया गया है। ये दो हेल्पलाइन नंबर 04425354151 और 04424354995 हैं। इन नंबरों पर कॉल करके घायलों या ट्रेन एक्सीडेंट से जुड़ी कोई भी जानकारी प्राप्त की जा सकती है। इसके अलावा यात्रियों को सुरक्षित घर पहुंचाने के लिए अलग से एक ट्रेन लगाई गई है।

**इन ट्रेनों का बदला रूट-**
12621 चेन्नई-नई दिल्ली एक्सप्रेस
13352 एलेप्पी-धनबाद एक्सप्रेस
18190 एर्नाकुलम टाटा एक्सप्रेस
12664 तिरुचिरापल्ली-हावड़ा एक्सप्रेस
07696 रामागुंडम-सिकंदराबाद स्पेशल
06063 कोयंबटूर-धनबाद एक्सप्रेस स्पेशल गाड़ी
13351 धनबाद-अलप्पुषा एक्सप्रेस
02122 जबलपुर-मदुरई एक्सप्रेस

## नासिक के मिलिट्री कैंप में फायरिंग अभ्यास करते वक्त बड़ा हादसा, 2 अग्निवीर शहीद



**पुणे** । आरएनएस

महाराष्ट्र के नासिक जिले में एक बड़ी घटना सामने आई है। नासिक में स्थित आर्टिलरी सेंटर में फायरिंग अभ्यास के दौरान दो अग्निवीर शहीद हुए हैं। जानकारी के अनुसार फील्ड गन से निकले गोले के फटने से दो अग्निवीरों की मौत हो गई।

पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि यह घटना गुरुवार दोपहर नासिक रोड इलाके में आर्टिलरी सेंटर में हुई। उन्होंने बताया कि विस्फोट में अग्निवीर गोहिल विश्वराज सिंह (20) और सैफत शिट (21) की मौत हो गई। यह हादसा उस वक्त पर हुआ जब अग्निवीरों की एक टीम भारतीय फील्ड गन से फायरिंग कर रही थी। तभी एक गोला फट गया। अधिकारी ने बताया कि दोनों घायल हो गए और उन्हें देवलाली के एमएच अस्पताल ले जाया गया, जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। उन्होंने बताया कि हवलदार अजीत कुमार की शिकायत के आधार पर देवलाली कैंप पुलिस में आकस्मिक मौत का मामला दर्ज किया गया है और आगे की जांच जारी है।

## महत्वपूर्ण एवं खास

### छावनी में तब्दील हुआ अखिलेश का घर, आरएएफ तैनात; पुलिस ने जेपी सेंटर भी किया सील

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** सपा प्रमुख अखिलेश यादव को लखनऊ स्थित जय प्रकाश नारायण इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर जाने से रोके जाने को लेकर घमासान तेज हो गया है। गुरुवार को ही जेपी सेंटर के गेट पर टिन शेड लगा दिया गया था। शुक्रवार सुबह से अखिलेश यादव के बाहर बैरिकेडिंग और भारी संख्या में पुलिस बल तैनात कर दिया गया है। दूसरी ओर, सपा कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन शुरू कर दिया है। जयप्रकाश नारायण की जयंती पर एक बार फिर लखनऊ में सियासी पारा चढ़ा हुआ है। अखिलेश यादव जेपी सेंटर में श्रद्धांजलि के लिए अड़े हुए हैं। सरकार ने उनके कैंपस में जाने पर रोक लगाई है। जेपी सेंटर के गेट पर टीन की बड़ी दीवार लगा दी गई। अखिलेश यादव ने ऐलान किया है कि वो 10 बजे जेपीएनसी में जाकर जेपी की प्रतिमा का माल्यार्पण करेंगे। अखिलेश के ऐलान को देखते हुए लखनऊ पुलिस ने जेपीएनसी पर बड़ी संख्या में पुलिस फोर्स को तैनात कर दिया गया है। अखिलेश यादव के घर के बाहर बैरिकेडिंग लगाकर ट्रैफिक को बंद कर दिया गया है, अखिलेश यादव की सुरक्षा में तनाव पुलिस फोर्स के अलावा किसी के भी आने जाने पर पाबंदी लगा दी गई है। सपा अध्यक्ष के आवास की तरफ जाने वाले दोनों तरफ के रास्तों पर पुलिस ने करीब 200 मीटर पर ही बैरिकेडिंग लगाई है।

### युवक की छोटी आंत से निकला जिंदा कॉकरोच , डाक्टर भी हैरान...

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** ऐसे बहुत से मामले सामने आते रहते हैं कि मरीज के पेट से अलग-अलग प्रकार की वस्तुएं निकलती रहती हैं लेकिन दिल्ली के एक अस्पताल में तो हैरान करने वाला सामने आया है। यहां देश की राजधानी दिल्ली के एक निजी अस्पताल में युवक की छोटी आंत से जिंदा कॉकरोच निकला। कॉकरोच करीब तीन सेंटीमीटर का था। मरीज करीब दो-तीन दिनों से पेट दर्द से परेशान था। हालांकि पाचन क्रिया भी प्रभावित हो रही थी। बताया जाता कि युवक को तबीयत खराब होने पर दिल्ली के वसंतकुंज स्थित फोर्टिस अस्पताल में भर्ती करवाया गया था। जांच के दौरान मरीज के कई मेडिकल टेस्ट किए गए लेकिन सब तरफ से समस्या हल होती नहीं दिखी तो गैस्ट्रो विभाग के डॉक्टर शुभम वत्स ने टीम के साथ मिल कर मरीज की जीआई एंडोस्कोपी करवाई। जांच के दौरान मरीज के पेट में जिंदा कॉकरोच दिखा। कॉकरोच मरीज की छोटी आंत में चिपका हुआ था। यह देख डॉक्टरों ने तुरंत कॉकरोच को बाहर निकालने का फैसला लिया।

### बांग्लादेश में शर्मनाक घटना: काली मां के मंदिर से मुकुट चोरी, प्रधानमंत्री मोदी ने किया था भेंट

**ढाका** । बांग्लादेश स्थित काली मां के मंदिर से मुकुट चोरी हो गया है। खास बात है कि यह मुकुट पीएम मोदी की तरफ से भेंट किया गया था। खबर है कि यह मुकुट चांदी का था, जिस पर सोने की कोटिंग और प्लेटिंग की गई थी। यह घटना ऐसे समय पर हुई है, जब पहले ही बांग्लादेश में दुर्गा उत्सव को लेकर हिंदू समुदाय को धमकियां मिलने की खबरें सामने आ रही हैं। जानकारी के अनुसार, जशोरेश्वरी मंदिर से मुकुट गुरुवार दोपहर चोरी हुआ था। घटना के कुछ देर पहले ही मंदिर के पुजारी दिन की पूजा कर वहां से निकले थे। इसके बाद सफाई कर्मी ने पाया कि देवी के सिर से मुकुट गायब है। माना जाता है कि जशोरेश्वरी मंदिर भारत और आसपास के देशों में फैली हुईं 51 शक्तिपीठों में से एक है।

## महादेव बेटिंग ऐप का मालिक सौरभ चंद्राकर दुबई में गिरफ्तार, जल्द लाया जाएगा भारत

**नई दिल्ली** । आरएनएस

महादेव बेटिंग ऐप केस में भारत की जांच एजेंसियों को बड़ी कामयाबी मिली है। बेटिंग ऐप के मालिक सौरभ चंद्राकर को इंटरपोल ने दुबई में डिटेन कर लिया है, जिसके बाद उसे भारत वापस लाने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। सूत्रों के मुताबिक ईडी की टीम महादेव ऐप के मालिक सौरभ चंद्राकर को एक हफ्ते के अंदर भारत लेकर आ सकती है।

बताया जा रहा है कि इंटरपोल ने सीबीआई को सूचित किया है, जो नोडल एजेंसी है। बता दें कि इस मामले में ईडी ने रेड कॉर्नर नोटिस जारी किया था। बता दें कि महादेव ऐप के मास्टरमाइंड सौरभ चंद्राकर का ष्ठ कंपनी (दाऊद इब्राहिम) से भी कनेक्शन है। देश के कई राज्यों में महादेव ऐप के खिलाफ केस दर्ज है। बता दें कि इससे पहले दिसंबर 2023 को भी सौरभ चंद्राकर को दुबई में हिरासत में लेने के बाद 'घर में नजरबंद' किया गया था।

केंद्र सरकार ने 5 नवंबर 2023 को महादेव बेटिंग ऐप समेत अवैध सट्टेबाजी वाले 22 ऐप और वेबसाइटों को ब्लॉक करने का आदेश दिया था। श्वष्ठ की सिफारिशों के बाद इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी अधिनियम की धारा 69ए के तहत आदेश जारी किए गए थे। महादेव ऑनलाइन सट्टेबाजी ऐप मामला तब सुर्खियों में आया था, जब ईडी ने दावा किया कि उसने एक 'कैश कूरियर' के ईमेल स्टेटमेंट को रिकॉर्ड किया है, जिसमें खुलासा हुआ है कि छत्तीसगढ़ के तत्कालीन मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने यूएई में स्थित ऐप प्रमोटरों से कथित तौर पर 508 करोड़ रुपये लिए थे। हालांकि, बघेल ने आरोपों को खारिज किया था।

## पुणे के मुंडवा इलाके में सामने आया हिट एंड रन का मामला, लग्जरी कार ने बाइक सवार को कुचला, मौत

**पुणे** । आरएनएस

महाराष्ट्र के पुणे में हिट एंड रन का मामला सामने आया है। मुंडवा इलाके में देर रात करीब 2 बजे एक लग्जरी कार की चपेट में आने से दोपहिया वाहन पर सवार एक फूड डिलीवरी एक्जीक्यूटिव की मौत हो गई। दुर्घटना के तुरंत बाद कार चालक मौके से भाग गया लेकिन बाद में पुलिस ने उसे हडपसर इलाके में गिरफ्तार कर लिया।

**आरोपी ने दो जगहों पर मारी टक्कर**

पुणे पुलिस ने बताया कि मृतक की पहचान रऊफ शेख के रूप में हुई है और वह आरोपी (आयुष तायल) की कार की चपेट में आने वाला दूसरा व्यक्ति था। पुलिस ने बताया कि शेख की बाइक को टक्कर मारने से पहले, आरोपी ने एक अन्य दोपहिया वाहन को टक्कर मार दी, जिससे तीन लोग घायल हो गए। लगभग 1.35 बजे, आरोपी ने पहले एक दोपहिया वाहन को टक्कर मार दी, जिससे तीन लोग घायल हो गए। उसने आगे एक बाइक को भी टक्कर मार दी, जिस पर मृतक रऊफ शेख सवार था। कार ने उसे पीछे से टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे ले जाया गया अस्पताल ले जाया गया, जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया।

**सीसीटीवी फुटेज से की गई आरोपी की पहचान**

पुलिस ने बताया कि घटना के बाद आरोपी 34 वर्षीय आयुष तायल मौका-ए-वारदात से फरार हो गया। सीसीटीवी फुटेज की जांच करने पर उसकी कार की पहचान की गई और बाद में उसे हडपसर इलाके में उसके घर से गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपी के खिलाफ मुंढवा थाने में बीएनएस धारा 105, 281, 125(ए), 132, 119, 1 77 और 184 के तहत मामला दर्ज किया गया है। घटना की आगे की जांच जारी है।

**तेज से बढ़ रहे हिट एंड रन के मामले**

बता दें कि हिट एंड रन के मामले लगातार बढ़ रहे हैं। एक महीने पहले मुंबई के वर्सोवा समुद्र तट पर सो रहे ऑटो-रिक्शा चालक को एसयूवी गाड़ी ने कुचल दिया था। इससे उसकी मौत हो गई जबकि उसका दोस्त घायल हो गया। वहीं, जुलाई में वर्ली में एक महिला को बीएमडब्ल्यू चालक द्वारा 1.5 किलोमीटर तक घसीटे जाने के बाद उसकी मौत हो गई थी। इस घटना के सिलसिले में शिवसेना नेता के बेटे सहित तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया था। उसी रात, पुणे के खडक़ी इलाके में दो पुलिसकर्मियों की मोटरसाइकिल को एक कार ने टक्कर मार दी थी, जिससे एक पुलिसकर्मी की मौत हो गई थी।

## हाइड्रोलिक सिस्टम फेल, फिर बेली लैंडिंग की तैयारी... घंटों तक अटकी रहीं एअर इंडिया फ्लाइट के 140 यात्रियों की सांसें

**चेन्नई**



तमिलनाडु के तिरुचिरापल्ली (त्रिची) एयरपोर्ट पर शुक्रवार शाम को उस समय हड़कंप मच गया जब एअर इंडिया के एक विमान का हाइड्रोलिक फेल हो गया. इस विमान में 140 यात्री सवार थे. विमान के पायलट ने एयरपोर्ट के अधिकारियों को जानकारी दी कि विमान का हाइड्रोलिक सिस्टम फेल हो गया है और इसके चलते विमान लैंड नहीं कर सकता. इसके चलते घंटों तक विमान आसमान में ही चक्कर लगाता रहा. हालांकि करीब 8:14 बजे विमान सुरक्षित लैंड कर गया. लैंडिंग होने पर एयरपोर्ट पर लोगों ने पायलट के लिए तालियां बजाईं.

140 यात्रियों को लेकर फ्लाइट ने शाम 5.43 बजे त्रिची एयरपोर्ट से शारजाह के लिए उड़ान भरी थी, लेकिन जल्द ही उसमें तकनीकी खराबी आ गई. त्रिची हवाई अड्डे के निदेशक के अनुसार, पायलट ने हाइड्रोलिक विफलता के बारे में हवाई स्टेशन को सूचित किया था. नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने एक बयान में कहा, "तिरुचिरापल्ली से शारजाह जाने वाली एयर इंडिया एक्सप्रेस की फ्लाइट IX 613 सुरक्षित रूप से तिरुचिरापल्ली हवाई अड्डे पर उतर गई है. DGCA स्थिति की निगरानी कर रहा था. लैंडिंग गियर खुल रहा था. फ्लाइट सामान्य रूप से उतर गई है. हवाई अड्डे को अलर्ट मोड पर रखा गया है."

एय़रपोर्ट डायरेक्टर ने जानकारी देते हुए बताया कि पहले विमान के हवा में रहते हुए ईंधन डंपिंग करने पर विचार किया गया था. लेकिन विमान आवासीय क्षेत्र के ऊपर चक्कर लगा रहा था, इसलिए ऐसा करना सही नहीं समझा गया. विमान के बेली लैंडिग कराने का विकल्प भी हमारे पास था. इसके लिए तैयारियों भी पूरी कर ली गई थी. इस दौरान एंबुलेंस और राहत बचाव टीम को स्टैंडबाय पर रखा गया था. विमान के पायलेट की सूझबूझ और एयरपोर्ट से तालमेल के चलते विमान सुरक्षित लैंड कर गया. सभी यात्री सुरक्षित हैं. हाइड्रोलिक सिस्टम फेल होने के कारणों की जांच की जा रही है.

**सुरक्षित लैंडिंग के लिए कैप्टन और चालक दल को बधाई: CM**

तमिलनाडु के सीएम एमके स्टालिन ने लैंडिंग के बाद प्रतिक्रिया देते हुए कहा, "मुझे यह सुनकर खुशी हुई कि एअर इंडिया एक्सप्रेस की फ्लाइट सुरक्षित रूप से उतर गई है. लैंडिंग गियर की समस्या की खबर मिलने पर, मैंने तुरंत अधिकारियों के साथ फोन पर एक आपातकालीन बैठक की और उन्हें सभी आवश्यक सुरक्षा उपायों को लागू करने का निर्देश दिया, जिसमें दमकल गाड़ियां, एम्बुलेंस और चिकित्सा सहायता तैनात करना शामिल है. मैंने अब जिला कलेक्टर को सभी यात्रियों की निरंतर सुरक्षा सुनिश्चित करने और आगे की सहायता प्रदान करने का निर्देश दिया है. सुरक्षित लैंडिंग के लिए कैप्टन और चालक दल को मेरी बधाई."

## झारखंड में ठप पड़ सकते हैं हजारों स्कूल, 60 हजार सहायक शिक्षक 15 अक्टूबर से जाएंगे हड़ताल पर

**रांची** । आरएनएस

झारखंड में 60 हजार से अधिक सहायक शिक्षक (पारा शिक्षक) 15 अक्टूबर से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाएंगे। झारखंड राज्य सहायक शिक्षक एक्शन कमेटी ने मुख्यमंत्री और राज्य के स्कूली शिक्षा और साक्षरता विभाग को लिखित तौर पर अपने इस फैसले की जानकारी दे दी है।

सहायक शिक्षकों की हड़ताल से राज्य में हजारों सरकारी स्कूलों में पठन-पाठन ठप हो सकता है। राज्य में आंगनबाड़ी सेविका-सहायिका की 5 अक्टूबर से जारी हड़ताल के कारण 38 हजार से ज्यादा आंगनबाड़ी केंद्र पहले से ही ठप पड़े हैं।

सहायक शिक्षकों का कहना है कि राज्य सरकार ने वेतन और ईपीएफ को लेकर पूर्व में किए गए समझौते को लटकाकर रखा है। इस मामले में 28 अगस्त को राज्य सरकार के साथ वार्ता हुई थी। राज्य सरकार ने सहायक शिक्षकों को वेतन के समकक्ष मानदेय और कर्मचारी भविष्य निधि (ईपीएफ) का लाभ देने का आश्वासन दिया था। एक्शन कमेटी का आरोप है कि यह समझौता अब तक राज्य कैबिनेट में पारित नहीं हुआ, जिसके कारण उन्हें हड़ताल पर जाने का निर्णय लेना पड़ा है।

## केरल के मंदिर में गैस लीक के बाद भीषण हादसा, पूजा करने गए पुजारी की झुलसने से हुई मौत

**केरल** । आरएनएस

केरल के तिरुवनंतपुरम के एक मंदिर में गैस रिसाव के कारण भयानक हादसा देखने को मिला है। दरअसल मामला किलिमन्नूर पुदीयाकावु भगवती मंदिर का है। यहां गैस रिसाव के कारण मंदिर में विस्फोट हुआ। इस घटना में मुख्य पुजारी के गंभीर रूप से झुलसने की वजह से मौत हो गई है। मृतक की पहचान अझूर निवासी जयकुमारन नंबूदरी के रूप में हुई है, जिनकी आयु 49 वर्ष बताई जा रही है। बता दें कि यह घटना 1 अक्तूबर की शाम करीब 6.15 बजे मंदिर के रसोईघर में घटी। रिपोर्ट्स के मुताबिक, आग एलपीजी सिलेंडर से गैस लीक होने के कारण लगी थी। ऐसे में इस घटना का सीसीटीवी फुटेज भी अब सामने आ चुका है जो बेहद दर्दनाक है।

**गैस लीक के बाद मंदिर में भयंकर हादसा**

बता दें कि पुजारी प्रसाद तैयार करने के बाद रिसाव के बारे में जाने बिना ही रसोई से बाहर निकल गए। इस दौरान जब वह जलता हुआ दीया लेकर लौटे, तो आग भडक़ गई। सीसीटीवी फुटेज में पुजारी को दिया लेकर रसोई की ओर जाते और दरवाजा खोलते हुए देखा जा सकता है। कुछ ही क्षणों में आग ने पूरे कमरे को अपनी चपेट में ले लिया और जयकुमारन घबराकर भागते दिखाई देते हैं। क्योंकि उनकी धोती में आग लग जाती है। मंदिर में मौजूद प्रत्यक्षदर्शियों ने उनकी मदद की और आनन-फानन में आग बुझाई। इस घटना के बाद उन्हें तुरंत वेंजरामूडु के एक नजदीकी प्राइलेट मेडिकल कॉलेज ले जाया गया।

**झुलसे पुजारी की अस्पताल में मौत**

इस दौरान इलाज के लिए उन्हें वेणपालवट्टम के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। उन्हें इस दौरान बचाने की तमाम कोशिश की गई। बावजूद इसके जयकुमारन ने दो सप्ताह बाद गुरुवार शाम को दम तोड़ दिया। बता दें कि जो सीसीटीवी फुटेज सामने आया है, उसमें देखा जा सकता है कि कैसे एक पुजारी मंदिर के बाहर अलग-अलग हिस्सों में पूजा कर रहे होते हैं। ऐसे में जैसे ही पुजारी एक कमरे का दरवाजा खोलते हैं अचानक से आग भभक उठती है। आग की लपटों में पुजारी वहां भागते दिखते हैं। इसके बाद उनकी धोती वह निकालकर फेंक देते हैं। लेकिन इसके बाद जब उन्हें अस्पताल ले जाया जाता है तो उनकी मौत हो जाती है।

## नवी मुंबई एयरपोर्ट पर उतरा वायु सेना का विमान, अदाणी समूह ने कहा - वर्षों की मेहनत सफल हुई

**मुंबई** । आरएनएस

भारतीय वायु सेना (आईएएफ) का बहु-उद्देशीय सी-295 विमान शुक्रवार को नवी मुंबई अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के दक्षिणी रनवे पर सफलतापूर्वक उतारा। यह बिल्कुल नए हवाई अड्डे के विकास में अदानी समूह के लिए एक महत्वपूर्ण क्षण था। पारंपरिक वाटर कैनन सैल्यूट के साथ उसका स्वागत किया गया।

नवी मुंबई हवाई अड्डे का विकास अदाणी समूह ने किया है। इसका निर्माण अगस्त 2021 में शुरू किया गया था। यहां से 2025 की शुरुआत में परिचालन शुरू होने की उम्मीद है।

अदाणी एयरपोर्ट होल्डिंग्स लिमिटेड के निदेशक जीत अदाणी ने नवी मुंबई हवाई अड्डे की इस उपलब्धि को गौरव का क्षण बताया। यह कंपनी द्वारा विकसित पहला हवाई अड्डा है। उन्होंने कहा, "यह हमारी वर्षों की मेहनत, योजना, निवेश और कठिन परिश्रम को दर्शाता है।"

जीत अदाणी ने महाराष्ट्र सरकार, सिडको (सिटी एंड इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन ऑफ महाराष्ट्रा) और भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (एएआई) सहित सभी नियामक निकायों और अन्य सभी हितधारकों का आभार जताया।

इस मौके पर महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, दोनों उप मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस तथा अजित पवार, और नागरिक उड्डयन एवं सहकारिता राज्य मंत्री मुरलीधर मोहोल के साथ-साथ नवी मुंबई इंटरनेशनल एयरपोर्ट और अदाणी एयरपोर्ट होल्डिंग्स लिमिटेड के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

नवी मुंबई हवाई अड्डे से परिचालन शुरू होने से मुंबई हवाई अड्डे पर बोझ कम होगा और राज्य की अर्थव्यवस्था और मजबूत होगी। साथ ही नवी मुंबई इलाके का भी और तेजी से विकास होगा।

शुरुआती चरण में हवाई अड्डे की सालाना क्षमता आठ लाख टन कार्गो और नौ करोड़ यात्रियों की होगी।

वायु सेना के सी-295 विमान का सफलतापूर्वक उतरना नवनिर्मित रनवे, टैक्सी-वे, हवाई यातायात नियंत्रण प्रणाली और हैंडलिंग प्रक्रियाओं के दुरुस्त होने का प्रमाण है।

नवी मुंबई हवाई अड्डे को घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय दोनों तरह के यात्रियों को समायोजित करने के लिए डिजाइन किया गया है, जिसमें अत्याधुनिक सुविधाएं शामिल हैं। रनवे की लंबाई 3,700 मीटर है जो